वन अनुसंधान संस्थान द्वारा प्लांट टैक्सोनॉमी के क्षेत्र में आधुनिक रुझानों पर संगोष्ठी का आयोजन

वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई), देहरादून के वन वनस्पति विज्ञान प्रभाग द्वारा एन एफ एल आई सी के सम्मेलन कक्ष में 12 **फरवरी** को " प्लांट टैक्सोनॉमी के क्षेत्र में आधुनिक रुझानों पर संगोष्ठी का आयोजन आयोजन किया गया। डॉ मोहम्मद युसूफ, प्रमुख, वन संरक्षण प्रभाग ने वर्गीकरण वनस्पति के महत्व को रेखांकित किया। डॉ अनूप चंद्रा, प्रमुख, वन वनस्पति विज्ञान प्रभाग, ने सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया और संगोष्ठी के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी।

प्रो० आर डी गौड़, पूर्व प्रमुख, वनस्पति विज्ञान विभाग, एच०एन०बी० गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर समारोह के मुख्य अतिथि थे। अपने मुख्य भाषण में टैक्सोनॉमी में उभरती प्रवृत्तियों और जैव विविधता संरक्षण में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. बी.एस. अधिकारी, वरिष्ठ वैज्ञानिक, डब्ल्यू आई आई, देहरादून, डॉ. गजेंद्र सिंह, वैज्ञानिक, उत्तराखंड अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र, डॉ०पी०के०पांडे, पूर्व प्रमुख वनस्पति विज्ञान प्रभाग और वन संरक्षण विभाग के वैज्ञानिक डॉ० शैलेश पांडे ने प्लांट टैक्सोनॉमी के विभिन्न पहलुओं पर बात की। सेमिनार में उपस्थित अन्य प्रतिनिधियों ने डॉ० टी.सी. पोखरियाल, डॉ० एस० नौटियाल, डॉ० वीना चंद्रा और डॉ०प्रियंका ठाकुर शामिल रहे।

सुश्री रंजना नेगी ने संस्तुति प्रस्तुत की और डॉ. पी.के. वर्मा के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ संगोष्ठी का समापन हुआ।